# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 11/10/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 10.10.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**<u>01. साइबर सेल जनपद गाजीपुर के प्रयास से शिकायतकर्ता अनुज कुमार के साथ यूपीआई द्वारा फ्राड की गयी 50000/- रुपये की धनराशि वापस कराई गई।</u>**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध साइबर धोखाधड़ी रोकने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अनुज कुमार पुत्र अमरनाथ राजभर निवासी बिजोरा थाना थाना मरदह जनपद गाजीपुर के साथ यूपीआई के द्वारा फ्राड किया गया तथा उनके द्वारा तत्काल साइबर हेल्प लाइन नं0 1930 पर काल करके आनलाइन शिकायत दर्ज करायी गयी। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल साइबर सेल जनपद गाजीपुर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर सेल प्रभारी उ0नि0 श्री शिवाकान्त मिश्रा व साइबर सेल कर्मचारी का0 शिवम सिंह, का0 शुभम सिंह, का0 विशाल व का0 प्रेम शंकर के द्वारा दिनांक 30.09.2025 को अनुज कुमार के खाते में उनके साथ फ्राड की गयी 50000/-- रू0 की धनराशि वापस करायी गयी।

**<u>02. थाना करंडा व थाना बिरनो पुलिस टीम द्वारा करंडा क्षेत्र में गोली चला सनसनी फैलाने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार जिसके कब्जे से 01अदद अवैध तमंचा.315 बोर व 01अदद खोखा कारतूस व 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद।</u>**

**दिनांक 10.10.2025 को मिशन शक्ति 5.0 के तहत अपराध एवम् अपराधियो के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष करंडा मय टीम पंजीकृत मुकदमा ग्राम ब्राह्मण पूरा में गोली चला क्षेत्र में सनसनी फैला वाले बदमाशों के गिरफ्तारी के संबंध में क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि ग्राम सुसुंडी थाना नोनहरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे पर एक बदमाश द्वारा पुलिस की गाड़ी देखते ही पुलिस टीम पर फायर करते हुए बिरनो की तरफ भागने लगा थानाध्यक्ष करंडा द्वारा जरिए दूरभाष कंट्रोल रूम को सूचित करते हुए बदमाश को घेर कर गिरफ्तार करने के लिए थाना बिरनो को सूचित करने को कहा गया ग्राम रामदोपुर मच्छर ताली के पास खुद को घिरा देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से निशाना लगाकर फायर किया जाने लगा, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ में संतुलित फायरिंग की गयी तो बदमाश के बाय पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जिसे तत्काल मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सीएचसी बिरनो**

गाजीपुर उपचार हेतु भेजा गया। पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम पता घायल /गिरफ़्तार अभियुक्त</u>

**1 .अनीश उर्फ रईस यादव पुत्र विंध्याचल यादव निवासी ग्राम मानिकपुर कोटे थाना करंडा जनपद गाजीपुर उम्र 19 वर्ष।**

<u>बरामदगी</u>

**1 .01अदद अवैध तमंचा .315 बोर**

**2 . 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर**

**3 . 01 अदद मोटरसाइकिल**

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर